प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेशभर में नई ई–पास आधारित कोटेदार कमीशन प्रणाली का हुआ शुभारंभ : उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को बढ़ाकर किया गया 125 रुपये प्रति कुन्टल।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नागपंचमी पर गोरखनाथ मंदिर परिसर में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत : युवा शक्ति को सही राह दिखाने के लिये खेल संस्कृति को आगे बढ़ाये जाने पर दिया बल।
3. भारतीय जनता पार्टी के नये राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नामों की, की गई घोषणा : प्रदेश से 8 पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी।
4. प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम विभाग ने कल भारी बारिश का अलर्ट किया जारी : नदियों का जलस्तर बढ़ने से वाराणसी और चित्रकूट में प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उचित दर विक्रेताओं के लिए नई ई–पॉस आधारित कोटेदार कमीशन प्रणाली का लखनऊ से शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने उचित दर विक्रेताओं के लाभांश को 90 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये प्रति कुंतल कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में सरकार ने प्रदेश खाद्य वितरण प्रणाली की खामियों को दूर करने का काम किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदेश पर उचित मूल्य विक्रेताओं से जुड़ी दुकानों को अन्नपूर्णा भवन के रूप में निर्मित किया जा रहा है, जहां दुकान और वेयर हाउस की सुविधा दी जाएगी।

*आप सभी अपने यहां अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की कार्रवाई को तेजी के साथ आगे बढ़ाइए। धनराशि का आवंटन सरकार आपको करेगी। राशन वितरण का काम तो आप एक सप्ताह 10 दिन कर लेंगे। 20 दिन आप उस वेयरहाउस का उपयोग अन्य कार्यों के लिए भी कर सकते हैं। अतिरिक्त इनकम उससे भी कमा सकते हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से जुड़े हुए उत्पाद भी अगर हम वहां रखेंगे उस पर्व और त्यौहार में अगर हम स्थानीय उत्पाद को भी प्रायोरिटी देते हैं। हमारा जो स्थानीय कारीगर स्थानीय हस्तशिल्पी उससे प्रोत्साहित होगा। उसके माध्यम से हम भारत की अर्थव्यवस्था को ही मजबूती प्रदान करेंगे।*

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का कन्नौज, बलरामपुर, गोरखपुर, सुल्तानपुर, चित्रकूट, कौशांबी, कानपुर देहात और बदायूं सहित विभिन्न जिलों में सीधा प्रसारण किया गया। कोटेदारों में लाभांश बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद उत्साह देखा गया।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में नागपंचमी के अवसर पर खेल विभाग और जिला कुश्ती संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर प्राइज मनी पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि युवा शक्ति को सही राह दिखाने के लिये सरकार की खेल संस्कृति को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

—————————

उद्यान, कृषि विपणन राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने  लखनऊ में योजनाओं के सफल और पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए नव विकसित ऑनलाइन पोर्टल potato.uphorticulture.in का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने आलू उत्पादक किसानों के लाभ के लिए तीन नई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 1000 करोड़ रुपये का भामाशाह भाव स्थिरता कोष, भंडारण शुल्क में छूट और आलू के बीज पर छूट शामिल है।

*राज्य में भामा शाह आवंटन योजना का हम शुभारंभ कर रहे हैं जिसमें 1000 करोड़ का प्रावधान उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया है। निर्धारित लागत मूल्य का जो अंतर होगा उसका 25ः अनुदान राज्य के किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित हो जाएगी जो आलू किसानों के द्वारा अपना आलू शीत गृहों में भंडारित किया गया है। उसके किराए में ₹100 प्रति किलो के हिसाब के दर से राज्य सरकार उन्हें अनुदान डीबीटी के माध्यम से देगी।*

—————————

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कहा कि वह कांग्रेस नेता के खिलाफ आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में कार्यवाही न करे। शीर्ष अदालत ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय से भी कहा कि वे गांधी के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष कोई रिपोर्ट दाखिल न करें। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ, उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राहुल गांधी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

—————————

—————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज पार्टी के नए केंद्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता पीयूष गोयल को पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री बी.एल. संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बनाया गया है।

वहीं 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों और आठ राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किये गए हैं। पार्टी ने अपने विभिन्न मोर्चों के नए प्रमुखों के नाम भी घोषित किए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों में उत्तर प्रदेश के अमरपाल मौर्य को ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश से रेखा वर्मा और प्रोफेसर तारिक़ मंसूर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। हरीश द्विवेदी और स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी मिली हैं। वहीं डॉ0 भोला सिंह और संगीता यादव को राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किया गया है।

—————————

सहारनपुर में आज से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गई है। डॉ. भीमराव आंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुई भर्ती रैली में पहले दिन हापुड़ जिले की तीन तहसीलों के 899 युवाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में हिस्सा लिया। भर्ती रैली चार सितंबर तक चलेगी।

—————————

नागपंचमी का पर्व आज प्रदेशभर में पारंपरिक तरीके से श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। श्रावण मास के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर वाराणसी के श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन–पूजन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कांवड़ियों और श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

*पुष्प वर्षा से कांवरियों के चेहरे खिल उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया। मार्कण्डेय महादेव और महामृत्युंजय मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर सुख–समृद्धि की कामना की। नागपंचमी पर प्राचीन नागकुआं मंदिर, कारकोटक वापी में भी आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्तों ने नागदेवता और नागेश्वर महादेव का विधि–विधान से पूजन किया। नागकुंड में दूध, जल और लावा अर्पित करने की परंपरा निभाई गई। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

वहीं बाराबंकी, अमेठी और जौनपुर के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए पहुंचे शिवभक्तों तथा कांवड़ियों पर भी हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई गई। अयोध्या में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाई और प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

वहीं लखनऊ, गोरखपुर, पीलीभीत, आगरा, अमरोहा, फर्रुखाबाद और जौनपुर में भी प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए गये हैं।

—————————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल भी मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि विभाग द्वारा इसके लिए अलर्ट जारी किया गया है।

*कल भी भारी वर्षा का जो सदन पोर्शन है और तराई बेल्ट है वहां पर भारी वर्षा होने की संभावना है जैसा कि लो प्रेशर धीरे–धीरे मूव होकर उत्तर प्रदेश की तरफ आ रहा है तो कहीं ना कहीं 20–21 को फिर से जो उत्तर प्रदेश के साउथ वाले हिस्से हैं बुंदेलखंड विंध्या रीजन से बहुत भारी वर्षा आने की संभावना हो सकती है। तापमान में जैसा कि 3–4 डिग्री की गिरावट हुई है। यही क्रम में कल भी रहेगा। बाकी परसों से हल्का–हल्का खुलेगा। हालांकि हल्की–हल्की बारिश का सिलसिला बना रहेगा।*

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण कई जनपदों में बाढ़ के हालात हैं। वाराणसी में गंगा का बढ़ा हुआ जलस्तर, घाटों के ऊपरी हिस्सों की ओर बढ़ रहा है, जिसको देखते हुए प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। वहीं चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट की ओर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया है।